प्रेषक,

मण्डलीय नोडल अधिकारी, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण
उपमहाप्रबन्धक, डी0एच0एस0
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद–बाराबंकी।

पत्रांक–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / 2020–21 / एस.एस.भ्रमण–बाराबंकी/8235 दिनांकः 22-03-2021

**विषय–सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल द्वारा दिनांक 17.2.2021 से 19.2.2021 तक भ्रमण किये गये इकाईयों / कार्यकमो के चिन्हित बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि **राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 17.2.2021 से 19.2.2021 तक आपके जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया** एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों /कार्यकमों का क्षेत्रीय सत्यापन तथा गुणवत्ता का भी आंकलन किया गया।

तत्कम में आपसे अनुरोध है कि टीम द्वारा प्रस्तुत भ्रमण आख्या में इंगित गतिविधिवार / कार्यकमवार अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए इंगित बिन्दुओं पर सम्बन्धित स्तर से समयबद्व निष्पादन कराते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें जिससे आगामी भ्रमण के समय भ्रमण दल द्वारा कार्यकम / सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के उच्चीकरण के सम्बन्ध में आगामी रणनीति / कार्ययोजना तैयार की जा सके।

**संलग्नक– भ्रमण दल की हस्ताक्षरित रिर्पोट (पेज नं0 कमवार 01 से 09 तक)**

भवदीया,

Smaher

(डॉ0 शमिता प्रधान)
म0 नो0 अधिकारी
उप महाप्रबन्धक, डी0एच0एस0

पत्रांक–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / 2020–21 / एस.एस.भ्रमण–बाराबंकी तद्दिनांक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. स्टॉफ ऑफिसर, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 ।
2. स्टॉफ ऑफिसर, अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
3. अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति / जिलाधिकारी, बाराबंकी ।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0 स्वा0 एवं0 परिवार कल्याण, अयोध्या को स्वयं के स्तर सें आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सम्बन्धित महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।
6. मण्डलीय कार्यकम प्रबन्धक, मण्डलीय कार्यकम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, अयोध्या ।
7. जिला कार्यकम प्रबन्धक,जिला कार्यकम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, बाराबंकी।

(डा0 शमिता प्रधान)
म0 नो0 अधिकारी
उप महाप्रबन्धक,डी0एच0एस0

Scanned with CamScanner

प्रेषक,

मण्डलीय नोडल अधिकारी, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण
उपमहाप्रबन्धक, डी0एच0एस0
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद–बाराबंकी।

पत्रांक–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / 2020–21 / एस.एस.भ्रमण–बाराबंकी दिनांकः 22-03-2021

विषय–सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल द्वारा दिनांक 17.2.2021 से 19.2.2021 तक भ्रमण किये गये इकाईयों / कार्यक्रमो के चिन्हित बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 17.2.2021 से 19.2.2021 तक आपके जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों का क्षेत्रीय सत्यापन तथा गुणवत्ता का भी आंकलन किया गया।

तत्क्रम में आपसे अनुरोध है कि टीम द्वारा प्रस्तुत भ्रमण आख्या में इंगित गतिविधिवार / कार्यक्रमवार अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए इंगित बिन्दुओं पर सम्बन्धित स्तर से समयबद्व निष्पादन कराते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें जिससे आगामी भ्रमण के समय भ्रमण दल द्वारा कार्यक्रम / सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के उच्चीकरण के सम्बन्ध में आगामी रणनीति / कार्ययोजना तैयार की जा सके।

संलग्नक– भ्रमण दल की हस्ताक्षरित रिर्पोट (पेज नं0 कमवार 01 से 09 तक)

भवदीया,

(डॉ0 शमिता प्रधान)
म0 नो0 अधिकारी
उप महाप्रबन्धक, डी0एच0एस0

पत्रांक–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / 2020–21 / एस.एस.भ्रमण–बाराबंकी / 8235-7 तद्दिनांक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. स्टॉफ ऑफिसर, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 ।
2. स्टॉफ ऑफिसर, अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
3. अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति / जिलाधिकारी, बाराबंकी ।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0 स्वा0 एवं0 परिवार कल्याण, अयोध्या को स्वयं के स्तर सें आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सम्बन्धित महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, अयोध्या ।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक,जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, बाराबंकी।

(डा0 शमिता प्रधान)
म0 नो0 अधिकारी
उप महाप्रबन्धक,डी0एच0एस0

Scanned with CamScanner

# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या

**जनपद– बाराबंकी**

**दिनांक 17.2.2021 से 19.2.2021**

**भ्रमण दल के सदस्य–**

1. नीलिमा पाठक, सलाहकार, वी0बी0डी0, स्टेट ब्लड सेल, एन0एच0एम0।
2. दिव्या सिंह, कार्यक्रम समन्वयक, डी0एच0एस0 कार्यक्रम, एन0एच0एम0।

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्रांक एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्ड0ई0/2020–21/18/956 दिनांक 15.6.2020 एवं पत्रांक एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्ड0ई0/2020–21/18/2192–2(13) दिनांक 6.1.2021 द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में उपरोक्त पर्यवेक्षकों द्वारा आवंटित जनपद बाराबंकी का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दिनांक 17.02.2021 से 19.02.2021 तक किया गया जिसकी बिन्दुवार आख्या निम्नवत् है।

**प्रथम दिवस–17.02.2021**

दिनांक 17.02.2021 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाराबंकी एवं उनकी टीम के साथ बैठक कर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण पर चर्चा कर आगामी तीन दिवसों हेतु उक्त कार्यवाही सम्बन्धी कार्ययोजना तैयार की गई। तत्पश्चात आंगनबाड़ी केन्द्र भगवानपुर का टीकाकरण सत्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सतरिख एवं हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हरख का भ्रमण किया गया।

**द्वितीय दिवस– 18.02.2021**

दिनांक 18.02.2021 को जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के सदस्यों के साथ बैठक, डी0ई0आई0सी0 मैनेजर, के साथ बैठक एवं जिला महिला चिकित्सालय का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।

**तृतीय दिवस– 19.02.2021**

दिनांक 19.02.2021 को जिला पुरूष चिकित्सालय का भ्रमण, एवं हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर– टिकरिया एवं महोलिया का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया एवं मुख्य चिकित्साधिकारी बाराबंकी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक बाराबंकी की टीम के साथ भ्रमण के साथ बैठक।

**भ्रमण में सहयोगी–**

- मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाराबंकी।
- चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय, बाराबंकी।
- चिकित्सा अधीक्षक, जिला पुरूष चिकित्सालय, बाराबंकी।
- रक्तकोष प्रभारी, जिला पुरूष चिकित्सालय, बाराबंकी।
- प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक, सतरिख, हरख एवं देवाँ, बाराबंकी।
- जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, बाराबंकी।
- डी0डी0एम0, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, बाराबंकी।
- डी0ई0आई0सी0 मैनेजर, आर0बी0एस0के0, बाराबंकी।
- हॉस्पिटल मैनेजर, जिला महिला एवं पुरूष चिकित्सालय, बाराबंकी।
- ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, ब्लॉक– सतरिख एवं देवाँ।


Scanned with CamScanner

| अवलोकित गतिविधियाँ | प्रदान किया गया सहयोग | कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित समय सीमा |
|---|---|---|
| **दिनांक 17.2.2021 आँगनवाडी केन्द्र भगवानपुर** | | |
| भ्रमण दल प्रातः 11.30 पर जब टीकाकरण सत्र पर पहुँचा उस समय सत्र स्थल पर ए0एन0एम0 व आँगनवाडी कार्यकत्री उपस्थित थी। आशा क्षेत्र में लाभार्थियों को बुलाने हेतु गई थी। उस समय तक किसी भी लाभार्थी को कोई भी सेवा प्रदान नहीं की गई थी।  | | |
| सत्र स्थल पर ए0एन0एम0 के पास ड्यू लिस्ट बनी थी जिसमें कुल 19 लाभार्थी की सूचना अंकित थी। | | |
| टीकाकरण हेतु सत्र स्थल पर आवश्यक सभी वैक्सीन उपलब्ध थी। | | |
| सत्र स्थल पर बैनर, हब कटर, काली पॉलिथीन, लाभार्थियों के बैठने हेतु कुर्सी एवं आँगनवाडी केन्द्र में कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार से सम्बन्धित पोस्टर लगे हुए पायें गयें। | | |
| भ्रमण के समय सत्र स्थल पर बी0एच0एन0डी0 सत्र हेतु मानकारूप आवश्यक समस्त लॉजिस्टिक उपलब्ध नहीं पायी गई। | बी0एच0एन0डी0 सत्र आयोजन पूर्व सभी आवश्यक लॉजिस्टिक की तैयारी कर ले और जो सामाग्री नहीं है समय पर उसका इण्डेट बनाकर सामु0स्वा0केन्द्र से सामान प्राप्त कर सत्र स्थल पर जायें। | ANM/BPM/MOIC Immediate |
| गर्भवती महिलाओं के जाँच हेतु बी0पी0 मशीन, पेशाब जाँच हेतु यूरिन टेस्टिंग किट एवं ब्लड सुगर हेतु ग्लूकोंमीटर ए0एन0एम0 के पास उपलब्ध नहीं था। | प्रभारी चिकित्साधिकारी, सतरिख से बात करने पर ज्ञात हुआ कि सभी सामाग्री सामु0स्वा0केन्द्र पर उपलब्ध है । ए0एन0एम0 को तत्काल सामु0स्वा0केन्द्र से आवश्यकतानुसार सामाग्री प्राप्त करने हेतु अवगत कराया गया। | ANM/BPM/MOIC Immediate |
| नये लाभार्थियों के पंजीकरण हेतु ए0एन0एम0 के पास एम0सी0पी0 कार्ड भी नही था। | प्रभारी चिकित्साधिकारी, सतरिख से बात कर ए0एन0एम0 को मांगानुरूप नवीन एम0सी0पी0 कार्ड उपलब्ध कराने हेतु अवगत कराया गया। | ANM/BPM/MOIC Immediate |
| **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतरिख** | | |
| भ्रमण दल अपराहन 1.30 पर जब सामु0स्वा0केन्द्र सतरिख पहुँचा उस समय डाक्टर ओ0पी0डी0 में मरीजों को देख रहे थे। | | |
| अपराहन 1.30 तक कुल 45 ओ0पी0डी0 के पर्चे बन चुके थे। | ओ0पी0डी0 में मरीजों की संख्या बढाने का सुझाव दिया गया। | CHC Suptt & Team |
| प्रभारी चिकित्साधिकारी सतरिख द्वारा अवगत कराया गया कि सामु0 स्वा0केन्द्र कोविड लेवल 01 का चिकित्सालय बनाया गया था । अक्टूबर 2020 से [illegible] | ए0एन0एम0 व आशा बैठक में उक्त पर चर्चा कर समुदाय स्तर पर लोगों को आवश्यकता पर [illegible] | CHC Suptt/BPM/BCPM/HEO |


Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| गई जिस कारण से अभी मरीजों की संख्या कम आ रही है। | प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया गया। | |
| सामु0 स्वा0 केन्द्र सतरिख के अन्तर्गत 05 प्राथ0 स्वा0केन्द्र एवं 23 उपकेन्द्र है। | | |
| 04 प्राथ0 स्वा0केन्द्र पर हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं 05 उपकेन्द्र पर हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर स्थापित है तथा कुल 05 सी0एच0ओ0 कार्यरत है। | | |
| पर्चा काउन्टर पर जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत गर्भवती के निःशुल्क पंजीकरण से सम्बन्धित सूचना का अंकन नहीं था। | पंजीकरण कक्ष के बाहरी दीवार पर जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत समस्त गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण की सूचना का प्रदर्शन करने का सुझाव दिया गया। | CHC Suptt. & Team |
| • औषधि वितरण कक्ष में फार्मासिस्ट द्वारा लाभार्थियों को औषधि का वितरण किया जा रहा था।<br>• औषधि वितरण कक्ष में एक ही छोटी सी खिडकी है जिस से औषधि का वितरण किया जाता है और उस खिडकी की ऊचाँई इतनी ज्यादा है कि लाभार्थी और औषधि वितरण करने वाले के मध्य Face to Face contact नहीं हो पा रहा है। | औषधि वितरण विण्डो को बडा करने का सुझाव दिया गया जिससे लाभार्थी व सेवा प्रदाता के मध्य सुगमतापूर्वक Face to Face contact हो पायें और लाभार्थी को औषधि को समझने में कोई असुविधा न हों। | CHC Suptt. & Team |
| • औषधि वितरण कक्ष में सभी दवाईयाँ मानकारूप FIFO के अनुसार लगी हुई पायी गई।<br>• औषधि प्राप्त एवं वितरण से सम्बन्धित अभिलेख /इण्डेंट का अवलोकन किया गया। फार्मासिस्ट द्वारा सभी अभिलेख निर्धारित प्रारूप पर तैयार किया गया है।<br>• चिकित्सा इकाई पर औषधि उपलब्धता की सूचना का प्रदर्शन नहीं किया गया था। | सभी दवाईयाँ मानकारूप FIFO के अनुसार लगाये जाने तथा मानकारूप अभिलेख तैयार किये जाने पर फार्मासिस्ट की तारीफ की गई ।<br>चिकित्सा इकाई पर उपलब्ध औषधियों के प्रदर्शन एवं दैनिक रूप पर अद्यतन हेतु अवगत कराया गया। | CHC Suptt. & Pharmacist |
| • चिकित्सालय में पैथाँलिजी की सेवायें प्रदान की जा रही है।<br>• पैथालँजी में दो एल0टी0 कार्यरत है तथा भ्रमण के समय उपस्थित पाये गयें।<br>• पैथालाजी में मलेरिया, विडाल, हीमोग्लोबिन, यूरिन प्रेगनेन्सी जाँच, हेपेटाइटिस, बी0 डी0 आर0 एल0 एवं ब्लड ग्रुप की जाँच की सुविधा प्रदान की जा रही हैं जिसकी सूची/सूचना का प्रदर्शन चिकित्सा इकाई पर नहीं किया गया है।<br>• पैथाँलिजी में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गई।<br>• भ्रमण के समय तक कुल 04 गर्भवती महिलाओं के रक्त की जाँच की गई है। | चिकित्सा इकाई पर पैथाँलाजी में होने वाली जाँचे तथा उनके शुल्क/निःशुल्क के विषय में स्पष्ट प्रदर्शन वाल पेंन्टिंग/फ्लैक्स लगवाले हेतु अवगत कराया गया। | CHC Suptt/ LT/ BPM |


Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| • माह अक्टूबर 2020 से भ्रमण दिनांक तक कुल 09 गर्भवती महिलाओं में रक्त की कमी पायी गई है जिसकी सूचना ओ0पी0डी0 में महिला चिकित्सक को उपलब्ध करा दी गई है। उक्त महिलाओं के एच0आर0पी0 के फॉलोअप की सूचना उपलब्ध नहीं है। | एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को एच0आर0पी0 की सूची में सम्मिलित करते हुए आगे के माहों में उनकी रक्त जाँच की सूचना से मिलान करते हुए हीमोग्लोबिन के स्तर में सुधार की समीक्षा करने हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया गया। | BPM/BCPM/HEO & LT |
| • सामु0 स्वा0 केन्द्र के प्रसव कक्ष का भ्रमण किया गया।<br>• प्रसव कक्ष में दो लेबर टेबल उपलब्ध है।<br>• दोनो लेबर टेबल के मध्य पार्टीसन किया गया है।<br>• दोनों लेबर टेबल पर मेटन कास आदि उपलब्ध पाया गया किन्तु कैलिसपैड किसी भी टेबल पर नहीं था। | लेबर टेबल पर मानकारूप कैलिसपैण्ड लगाने का सुझाव दिया गया। | LR Staff & Nurse Mentor |
| •<br>• स्टाफ नर्स को बुलाकर कैलिसपैड लाने हेतु कहा गया । भ्रमण के समय उपलब्ध पाये गये 02 कैलिसपैड में 01 कैलिसपैड पंचर अवस्था में पाया गया जो कि सही से कार्य नहीं कर रहा था।<br> | पंचर कैलिसपैड को तत्काल बदल कर नया व सही कैलिसपैड लगाने का सुझाव दिया गया तथा अवगत कराया गया कि नियमित रूप से कैलिसपैड में हवा की जाँच की जाय। | LR Staff & Nurse Mentor |
| • प्रसव कक्ष में रनिंग वाटर की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है । बगल के कक्ष में पानी हेतु सिंक बना है। | प्रसव कक्ष में मानकारूप रनिंग वाटर की व्यवस्था कराने का सुझाव दिया गया। | CHC Suptt & Team |
| • प्रसव कक्ष में प्रसव से सम्बन्धित प्रोटोकाल के पोस्टर लगें पाये गयें।<br>• प्रसव पंजिका का अवलोकन करने पर संज्ञान में आया कि माह अक्टूबर 2020 से भ्रमण दिनांक तक कुल 412 सामान्य प्रसव हुए है।<br>• माह फरवरी में 20 जनवरी 2021 से 17 फरवरी 2021 तक कुल 93 सामान्य प्रसव हुए है।<br>• 15.2.52021 को चिकित्सा इकाई पर आयशा बानों के प्रसव के पश्चात भ्रमण दिनांक तक कोई भी प्रसव नहीं हुआ है।<br>• प्रसव कक्ष में 7 मेडिसिन ट्रे भी नहीं पाए गए। | प्रसव कक्ष में स्टाफ नर्स द्वारा मानकारूप 07 मेडिसिन ट्रे तैयार करने हेतु अवगत कराया गया। प्रत्येक ट्रे पर उसका नाम ,दवाइयों का नाम,अंकित करने तथा प्रतिदिन उक्त ट्रे की जाँच करते हुए प्रतिदिन के केस लोड के अनुसार पुनः दवाइयों के रिफलिंग हेतु जानकारी प्रदान की गई। | LR Staff & Nurse Mentor |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| • 102 एवं 108 की पंजिका भरी जा रही हैं।<br>• रिफरन इन व रफिरल आउट पंजिका का भी अवलोकन किया गया। पाया गया कि माह फरवरी 2021 में भ्रमण दिनांक तक कुल 14 लाभार्थियों को उच्च चिकित्सा इकाईयों पर रिफर किया गया है। | | |
| • रिफर किये गये कारणों का अवलोंकन करने पर ज्ञात हुआ कि हाइपर टेंसन/सीवियर एनीमिक/एबडॅामिनल पेन एवं पी0पी0एच0 के कारण लाभार्थियों को रिफर किया जा रहा है। | रेफर पंजिका में रेफर किये गये कारणों को पूर्णतया स्पष्ट रूप से भरने तथा प्रदत्त प्राथमिक उपचार का भी अंकन करने का सुझाव दिया गया। | LMO/LR Staff & Nurse Mentor |
| • जे0एस0एस0के0 डाइट के बारे में पूछने पर बताया गया कि जय माँ दुर्गा स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रसूताओं को भोजन उपलब्ध कराया जाता है।<br>• पी0एन0सी0 वार्ड में किसी भी लाभार्थी के एडमिट न होने के कारण जे0एस0एस0के0 भोजन की गुणवत्ता व जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत प्रदत्त कराई जा रही अन्य सुविधाओं का सत्यापन/अवलोकन नहीं किया जा सका।<br>• चिकित्सा इकाई पर 05 बेड का पी0एन0सी0 वार्ड बनाया गया है।<br>• भ्रमण के समय वार्ड में कोई भी लाभार्थी उपस्थिति नहीं थी।<br><br>• पी0एन0सी0 वार्ड में सभी 05 बेड पर साफ–सुथरी चादरे बिछी थी तथा लाभार्थियों हेतु टी0वी0 भी लगा था। | | |
| • टी0वी0 पर कार्यकम के प्रचार–प्रसार से सम्बन्धित जो वीडियों/ कार्यकम का प्रखर–प्रसार दिखाया जा रहा था वों एन0एच0एम0 द्वारा स्वीकृत नही था। | एन0एच0एम0 द्वारा स्वीकृत कार्यकमों से सम्बन्धित आई0ई0सी0/आडियो/वीडियों का प्रदर्शन करने का सुझाव दिया गया। | CHC Suptt/BPM/DPM |
| • चिकित्सा इकाई पर के0एम0सी0 हेतु कक्ष का निर्धारण किया गया है किन्तु कक्ष का उपयोग अन्यत्र कार्यो में किया जा रहा है। के0एम0सी0 संचालित नहीं है। | चिन्हित के0एम0सी0 कक्ष को खाली कराकर के0एम0सी0 वार्ड शुरू करने का सुझाव दिया गया। | CHC Suptt/BPM |


Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| • चिकित्सा इकाई पर नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत कोल्ड चैन स्थापित है।<br>• कोल्ड रूम में डीप फ्रीजर एवं आई0एल0आर0 कियाशील अवस्था में पाये गये तथा टेंम्प्रेचर मॉनिटरिंग भी नियमित किया जा रहा था।<br>• 27X7 विद्युत बैकअप की व्यवस्था उपलब्ध है।<br> | | |
| • चिकित्सा इकाई पर टी0वी0 उन्नमूलन कार्यक्रम की सेवायें भी प्रदान की जा रही है।<br>• एस0टी0एल0 द्वारा सेवायें प्रदान की जा रही है।<br>• भ्रमण के समय सभी अवलोकित गतिविधिया एवं अभिलेख संतोषजनक पाये गयें। | | |
| • चिकित्सा इकाई सतरिख पर ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई में बी0पी0एम0,बी0ए0एम0 एवं बी0सी0पी0एम0 भ्रमण के समय उपस्थित पाये गयें।<br>• भुगतान से सम्बन्धित पत्रावलियों का अवलोकन करने पर संज्ञान में आया कि चिकित्सा इकाई पर पत्रावलियों का रख–रखाव उचित प्रकार से नहीं किया जा रहा है। कार्यकमवार भुगतान की पत्रावलियाँ नहीं बनाई गई है।<br>• भुगतान किये गये बीजकों के साथ कार्यादेश / सत्यापित बिल / कोटेशन / टेण्डर आदि से सम्बन्धित अभिलेख नहीं लगे थे। | समस्त वित्तीय अभिलेखों का रख–रखाव सही से करने का सुझाव दिया गया।कार्यकमवार भुगतान की पत्रावली तैयार करने,भुगतान वाले बीजक के साथ कार्यादेश सत्यापित बिल ,कोटेशन / टेण्डर आदि से सॅम्बन्धित समस्त Supporting Documents एवं जनपद स्तर से प्राप्त दिशा–निर्देश लगाने का सुझाव दिया गया। | CHC Suptt/DAM/BAM |
| • रोगी कल्याण समिति से सम्बन्धित अभिलेख अवलोकन हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया । उक्त पर अवगत कराया गया कि उक्त अभिलेख एच0ई0ओ0 के पास रहता है और भ्रमण दिनांक को एच0ई0ओ0 चिकित्सा इकाई पर उपस्थित नहीं थे। | विभागीय कार्यो से सम्बन्धित पत्रावली / अलमारी की चाभी आदि कार्यालय में उपस्थित हो । कोई भी कर्मचारी वैयक्तिक स्तर पर उसका रख–रखाव न करें इस हेतु चिकित्सा इकाई की टीम को अवगत कराया गया। | ACMO,NHM/CHC Suptt. |
| • बी0सी0पी0एम0 द्वारा आशा कार्यक्रम से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन कराया गया।<br>• आशा क्लस्टर मीटिंग से सम्बन्धित पत्रावली / पंजिका सही से नहीं बनाई गई थी उक्त हेतु बी0सी0पी0एम0 को अवगत कराया गया। | राज्य स्तर से प्रेषित दिशा–निर्देशानुसार आशा कलस्टर बैठक का आयोजन नियमित रूप से कराये जाने का सुझाव दिया गया। | DCPM/BCPM |


Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| • आशा शिकायत प्रकोष्ठ का भी गठन नहीं किया गया है । | सामु0 स्वा0 केन्द्र पर राज्य स्तर से आशा शिकायत प्रकोष्ठ गठन हेतु प्रेषित दिशा–निर्देशानुसार प्राथमिकता पर आशा शिकायत प्रकोष्ठ का गठन कर नियमित बैठक आयोजन का सुझाव दिया गया। | DCPM/BCPM |
| • आशा मासिक भुगतान नियमित किया जा रहा है तथा प्रतिआशा प्रतिमाह रू0 3900 का लगभग भुगतान प्राप्त हो रहा है। | प्रतिमाह आशा भुगतान बढाने हेतु निश्क्रिय आशाओं को सक्रिय करने तथा कार्यक्रमवार आशा प्रतिभागिता की समीक्षा का आशा एवं संगनी बैठक में उक्त पर चर्चा कर कार्यवाही करने का सुझाव दिया गया। | BCPM |
| **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरख (हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर)** | | |
| • भ्रमण दल द्वारा प्राथमिक स्वा0केन्द्र हरख का भी अवलोकन किया गया जो कि हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के रूप में चिन्हित है।<br>• भ्रमण के समय केन्द्र पर प्रभारी अधिकारी, उपस्थित थे।<br>• चिकित्सा इकाई पर हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर से सम्बन्धित ब्रान्डिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है।<br>• चिकित्सा इकाई सरकारी भवन में संचालित है।<br>• चिकित्सा इकाई द्वारा कुल जनसंख्या 45000 कवर की जा रही है।<br>• पी0एच0सी0 हरख पर दो चिकित्साधिकारी कार्यरत है जिनमें से 01 चिकित्साधिकारी एन0सी0डी0 के अन्तर्गत प्रशिक्षित है।<br>• पी0एच0सी0 के अन्तर्गत 01 एल0एच0वी0,01 ए0एन0एम0,34 आशा कार्यरत है जिनमें से 01 ए0एन0एम0 व 34 आशा एन0सी0डी0 के अन्तर्गत प्रशिक्षित है। | | |
| • भ्रमण के समय संज्ञान में आया कि चिकित्सा इकाई पर हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर हेतु निर्धारित/स्वीकृत कोई भी Diagnostic Facilities उपलब्ध नही है। मात्र हीमोग्लोबिन एवं सुगर जाँच किट ही उपलब्ध है। | प्राथ0 स्वा0केन्द्र हरख जो कि हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर के रूप में आच्छादित है पर मानकारूप आवश्यक Diagnostic Facilities की उपलब्धता हेतु सक्षम स्तर से आवश्यक कार्यवाही कराते हुए सभी की उपलब्धता सीध्र कराने का सुझाव दिया गया। | CMO/ACMO,NHM/CHC Suptt. |
| • प्राथ0 स्वा0केन्द्र पर एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग के अन्तर्गत लाभार्थियों के भरे हुए फैमिली फोल्डर अवलोकन हेतु उपलब्ध नही हुआ। | निर्धारित लक्षय के अनुरूप फैमिली फोल्डर सम्बन्धित से भरवाने तथा नियमित रूप से इसकी समीक्षा करने हेतु अवगत कराया गया। | CHC Suptt./ MOIC & BPM |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| • प्राथ0 स्वा0केन्द्र के भवन की बाहरी दीवारों पर गंदगी व्याप्त है पुनः White Washing की आवश्यकता है।<br> | प्राथ0 स्व0केन्द्र के बाहरी दीवारों के रंग–रोगन कराने हेतु उच्चाधिकारियों से वार्ता कर उक्त की व्यवस्था कराने का सुझाव दिया गया। | CMO/ACMO,NHM/CHC Suptt. |
| **दिनांक 18.2.2021 जिला महिला चिकित्सालय बाराबंकी** | | |
| • भ्रमण दल प्रातः 11.00 बजे जिला महिला अस्पताल पहुंचकर सर्वप्रथम चिकित्सा अधीक्षिका डा0 संगीता श्रीवास्तव से मिलकर भ्रमण के उद्देश्य से उन्हें अवगत कराने के उपरान्त हॉस्पिटल मैनेजर डा0 एस0पी0 तिवारी के साथ चिकित्सालय का भ्रमण किया गया। | | |
| • महिला चिकित्सालय बाराबंकी NQAS के लिए चिन्हित है तथा वर्तमान में चिकित्सालय में NQAS हेतु सुदृणीकरण का कार्य चल रहा है। | | |
| • चिकित्सालय परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी। | चिकित्सालय में साफ–सफाई की व्यवस्था व नियमित अनुश्रवण पर चिकित्सालय टीम की प्रशंसा की गई। | |
| • सम्पूर्णा क्लीनिक में डाक्टर मरीजों की देख रही थी। वार्ता करने पर अवगत कराया गया कि वर्तमान में आने वाले लाभार्थियों को सरवाइकल कैंसर/ब्रेस्ट कैंसर आदि से सम्बन्धित परामर्श/जाँच एवं उपचार की सेवायें प्रदान की जा रही है। | | |
| • किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थापित साथिया केन्द्र पर परामर्शदाता /सेवा प्रदाता रीता सिंह द्वारा सेवायें प्रदान की जा रही है।<br>• माह जनवरी में कुल 104 किशोरियों/लाभार्थियों को परामर्श सम्बन्धी सेवाये प्रदान की गई है जिनमें से 67 लाभार्थी को Treatment Services प्रदान की गई एवं 16 को ओ0पी0डी0/अन्य इकाई पर रिफर किया गया है।<br>• परामर्शदाता द्वारा राज्य स्तर से प्रदत्त नवीन पंजिका पर कार्य किया जा रहा है।<br> | | |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| • कक्ष में अव्यवस्था व्याप्त थी एवं साफ–सफाई की कमी भी पायी गई । | कक्ष में नियमित साफ–सफाई कराने का सुझाव दिया गया। | CMS & Hospital Team |
| • परामर्शदाता के पास किशोरियों के पठन–पाठन हेतु समाचार पत्र/मैगजीन भी उपलब्ध नहीं था। | किशोरियों के ज्ञान वर्धन एवं मनोरंजन हेतु समाचार पत्र/मैगजीन की उपलब्धता हेतु चिकित्सालय टीम को सुझाव दिया गया। | CMS & Hospital Team |
| • परामर्शदाता के कक्ष में विजन जाँच हेतु विजन टेस्टिंग बाक्स रखा हुआ था और उक्त के विषय में पूछँने पर परामर्शदाता द्वारा अवगत कराया गया कि उसके द्वारा लाभार्थियों का विजन टेस्ट किया जाता है।  | किशोरी परामर्श क्लीनिक/कक्ष में विजन जाँच करने पर विचार कर उक्त जाँच अन्यत्र कक्ष में कराने का सुझाव दिया गया जिससे क्लीनिक में आने वाली किशोरियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और गोपनीयता भी भंग न होने पायें। | CMS & Hospital Team |
| • महिला चिकित्सालय पर परिवार कल्याण कार्यक्रम से सम्बन्धित सेवायें प्रदान करने हेतु Family Planning Counsellor नही है। स्टाफ नर्स द्वारा ए0एन0सी0 जाँच कक्ष में ही आने वाली लाभार्थियों को परिवार कल्याण से सम्बन्धित सेवायें प्रदान की जाती है।<br>• स्टाफ नर्स सरोज एवं अनीशा मौर्या भ्रमण के समय उपस्थित पायी गई।<br>• भ्रमण समय तक 07 गर्भवती महिलाओं को टी0टी0 का प्रथम डोज दिया गया था।<br>• सेवा प्रदाता द्वारा भारत सरकार से अनुमन्य नवीन पंजिका पर सूचनाओं का अंकन किया जा रहा है।<br>• चिकित्सा इकाई पर छाया,कण्डोम,इमरजेन्सी कन्ट्रासेप्टिक पिल, अंतरा आदि परिवार नियोजन के साधन उपलब्ध पाये गयें। | | |
| • कक्ष में अभिलेखों का रख–रखाव व दवाइया अव्यवस्थित प्रकार से रख गई थी। | अभिलेखों व दवाइयों/परिवार नियोजन के साधनों को सही प्रकोर से रखने व कक्ष में साफ–सफाई की उचित व्यवस्था कराने का सुझाव प्रदान किया गया। | CMS & Hospital Team |
| • महिला चिकित्सालय का लेबर रूम का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान ओटी रूम में Operation का कार्य चल रहा था ।<br>• जिला महिला चिकित्सालय के सामान्य प्रसव कक्ष में 21 जनवरी 2021 से भ्रमण दिनांक तक कुल 154 प्रसूताओं की डिलीवरी दर्ज है।<br>• भ्रमण के समय कक्ष में एक गर्भवती प्रसव हेतु भर्ती थी। कक्ष में 03 लेबर टेबल लगी थी सभी लेबर | | |




Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| टेबल पर मानकारूप कैलिसपैण्ड एवं मेटनकास तथा बिन लगे पाये गयें।<br>• लेबर टेबल पर लगे कैलिसपैड में हवा नहीं थी।<br> | लेबर टेबल पर कैलिसपैड पर हवा भरने का सुझाव दिया गया। प्रसव टीम को अवगत कराया गया कि प्रत्येक प्रसव उपरान्त लेबर टेबल की साफ–सफाई के बाद मेटनकांस व कैलिसपैड की निरीक्षण कर सुनिश्चित किया जाय कि कैलिसपैड में हवा भरी हो। पूर्व में ही प्रसव की पूरी तैयारी कर ली जाय जिससे कि किसी भी आकस्मिकता की स्थित में असुविधा न हो। | LR Staff & Hospital Manager/ Nurse Mentor |
| • तीनों लेबर टेबल के मध्य गोपनीयता हेतु कर्टल नहीं लगा था। | प्रसव कक्ष में लेबर टेबल के मध्य मानकारूप गोपनीयता हेतु कर्टन लगाने का सुझाव दिया गया। | LR Staff & Hospital Manager/ Nurse Mentor |
| <u>एस0एन0सी0यू0</u><br>• भ्रमण के समय एस0एन0सी0यू0 में एक चिकित्साधिकारी तथा 03 स्टॉफ नर्स उपस्थित पाये गयें।<br>• एस0एन0सी0यू0 वार्ड में 12 रेडियेन्ट वार्मर, 06 फोटोथेरेपी कियाशील पाए गए।<br>• भ्रमण के समय वार्ड में 13 नवजात शिशु भर्ती थे।<br>• एक बेड पर जुडवा बच्चों को भर्ती किया गया था।<br>• एस0एन0सी0यू0 में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गई।<br>• एस0एन0सी0यू0 वार्ड में नियुक्त डेटा इन्ट्री आपरेटर को बैठने के लिय स्थान नहीं हैं इस कारण से आपरेटर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय में ही बैठता है।<br>• एस0एन0यू0 वार्ड अत्यन्त छोटा है व डेटा इन्ट्री आपरेटर के बैठने/ अन्य स्टाफ हेतु आवश्यकतानुरूप जगह की कमी है।<br>• नवजात शिशुओं के परिवारजनों/माँ के बैठने व स्तरपान हेतु भी पर्याप्त स्थान की कमी है। | हॉस्पिटल मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि नव निर्मित एम0सी0एच0 विंग में एस0एन0सी0यू0 स्थानान्तरित होने वाला है। अतः प्राथमिकता पर नवीन भवन में समस्त कार्यवाही पूर्ण कराते हुए मानकारूप एस0एन0सी0यू0 के <u>स्थापना/स्थानान्तरण</u> का सुझाव दिया गया। | CMS & Hospital Team |
| **डी0ई0आई0सी0 मैनेजर के साथ बैठक** | | |
| • डी0ई0आई0सी0 मैनेजर डा0 अवधेश सिंह के साथ बैठक कर जनपद में आर0बी0एस0के0 कार्यकम के प्रगति पर चर्चा की गई।<br>• जनपद में कुल 30 आर0बी0एस0के0 की मेडिकल टीम संचालित है। | | |


Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| • उक्त 30 मेडिकल टीमों में 10 चिकित्साधिकारी, 08 स्टाफ नर्स एवं 01 फार्मासिस्ट का पद रिक्त है।<br>• आर0बी0एस0के0 के अन्तर्गत कुल 30 वाहन अनुबंधित है जो कि क्षेत्र में मेडिकल टीमों के साथ लगे है। | ब्लाक स्तरीय आर0बी0एस0के0 के मेडिकल टीम में रिक्त पदों पर जिस पद जनपद स्तर से वाक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से चयन किया जा सकता है उनपर जनपद स्तरीय कार्यवाही एवं जो पद राज्य स्तर से चयनित होने है उसके लिए राज्य स्तरीय अधिकारियों को अनुस्मारक पत्र प्रेषित करने का सुझाव दिया गया जिससे सीघ्र रिक्त पदो के सापेक्ष चयन की कार्यवाही सम्पादित हो सके। | DPM/DEIC Manager |
| • वाहन के टेण्डर से सम्बन्धित पत्रावली का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि समबन्धित एजेन्सी का वाहन टेण्डर माह फरवरी 2021 में समाप्त हो गया है। | वाहन के टेण्डर के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अवगत कराया गया जिससे उक्त के अभाव में क्षेत्र में कार्य प्रभावित न हो। | CMO/ACMO,NHM/ DPM |
| **दिनांक 19.2.2021 जिला चिकित्सालय बाराबंकी** | | |
| • भ्रमण दल प्रातः 10:00 बजे जिला चिकित्सालय पहुंचकर सर्वप्रथम चिकित्सा अधीक्षक डा0 एस0 के सिंह से मिलकर भ्रमण के उद्देश्य से उन्हें अवगत कराने के उपरान्त रक्तकोष प्रभारी डा0 एस0 के शुक्ला एवं हॉस्पिटल मैनेजर के साथ चिकित्सालय का भ्रमण किया गया।<br>• चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि यह चिकित्सालय कोविड 19 के अन्तर्गत लेबल 3 के चिकित्सालय के रूप में चिन्हित था । भ्रमण दिनांक के दिन चिकित्सालय मे कोविड वैक्सीनेशन का कार्य चल रहा थां । | | |
| • चिकित्सालय पर जेरियाटिक वार्ड बनकर तैयार हो गया है और आवश्यकतानुसार उपकरण व वेड भी आ गये है। मावन संसाधन के अभाव में अभी कियाशील नही हुआ है। | जेरियाटिक वार्ड के संचालन हेतु आवश्यक मानव संसाधन के चयन हेतु जिस पद पर जनपद स्तर से वाक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से चयन किया जा सकता है उनपर जनपद स्तरीय कार्यवाही एवं जो पद राज्य स्तर से चयनित होने है उसके लिए राज्य स्तरीय अधिकारियों को अनुस्मारक पत्र प्रेषित करने का सुझाव दिया गया जिससे अविलम्ब जेरियाटिक वार्ड को कियाशील किया जा सके। | CMS & Hospital Team/DPM |
| • जेरियाटिक वार्ड मे कुल 09 बेड लगे हुए थे तथा 01 बेड अभी स्थापित नही हुआ है। बेड साइड रैक मे अत्यधिक जंग लगा हुआ था। | सभी वेड को वार्ड में स्थापित कराने तथा जंग लगे उपकरणो/बेड की रंगाई–पुताई कराने का सुझाव दिया गया। | CMS & Hospital Team |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
|  | | |
| • चिकित्सालय में एन0आर0सी0 पुराने भवन में संचालित है।<br><br>• एन0आर0सी0 वार्ड का भवन बहुत ही जरजर अवस्था में है तथा दीवारों पर सीलन लगी हुई थी।<br><br><br>• एन0आर0सी वार्ड में कुल 10 बेड लगे है तथा सभी बेड क्रियाशील है।<br> | वार्ड में रंगाई–पुताई की आवश्यकता के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। दीवारों पर लगे जालो की सफाई कराने हेतु सुझाव दिया गया। | CMS & Hospital Team |
| • भ्रमण के समय वार्ड में 04 बच्चे भर्ती थें । सभी बच्चे चिकित्सालय के ओ0पी0डी0 से रिफर किये गये थे। क्षेत्रीय चिकित्सालयों/आशाओं द्वारा बच्चों को रेफर नहीं किया जाता है।<br><br>• भर्ती 04 बच्चों में 03 बच्चें SAM के व 01 बच्चा सीवियर डायरिया से ग्रसित था।<br>• बेबी रेयान दिनांक 8.2.2021 , बेबी शिवानी दिनांक 8.2.2021, बेबी आर्यन 15.2.2021 को SAM के रूप में चिन्हित हुए और एन0आर0सी0 मं भती किये गयें।<br>• भ्रमण के समय डा0 बी0एम0मौर्या , बाल रोग चिकित्सक द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में सभी भर्ती किये गये बच्चों में सकारात्मक सुधार आया हैं ।<br><br>• भ्रमण के समय 01 स्टाफ नर्स व 01 न्यूट्रिनिस्ट उपस्थित थे। | सामु0स्वा0केन्द्र पर आशाओं को क्षेत्र में कुपोषित बच्चों को आंगनवाडी केन्द्र से समन्वय करते हुए चिन्हित कर एन0आर0सी0 पर रेफर करने हेतु नियमित संवेदीकृत करने का सुझाव दिया गया। | ACMO,NHM/DCPM/ BCPM |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| • वार्ड में टी0वी0 लगी हुई थी।<br>• भर्ती बच्चों के अविभावकों से फीडबैक प्राप्त किया गया। सभी ने प्राप्त हो रही सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। | बच्चो के अविभावको द्वारा एन0आर0सी0 वार्ड में प्रदान की जा रही चिकित्सीय देखभाल की सेवाओं पर संतुष्टि प्रकट की गई । इस पर मेडिकल टीम की प्रशंसा की गई। | |
| • बच्चों के मनोरंजन हेतु /खेल सामाग्री की प्र्याप्त व्यवस्था नहीं थी।<br> | बच्चों के खेलने व मनोरंजन हेतु आवश्यक खिलौनों /सामानों की आवश्यकतानुसार व्यवस्था करने हेतु सुझाव दिया गया। | CMS & Hospital Team |
| • एन0आर0सी0 का किचन दूसरे भवन में संचालित है। | किचन के दूसरे भवन में संचालित होने पर चर्चा की गई । प्रभारी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जगह की कमी होने के कारण अलग-अलग स्थापित है। | |
| • एन0आर0सी0 वार्ड के स्टोर कक्ष मे सभी सामान अव्यवस्थित थे तथा दुर्गन्ध भी आ रही थी। | एन0 आर0सी0 वार्ड से स्टोर कक्ष को अन्यत्र स्थापित कराने का सुझाव दिया गया एवं उक्त कक्ष में नियमित साफ-सफाई कराये जाने का भी सुझाव दिया गया। | CMS & Hospital Team |
| • रक्तकोष जिला चिकित्सालय बाराबंकी का भी भ्रमण किया गया।<br>• भ्रमण के समय रक्तकोष में प्रभारी चिकित्साधिकारी,रक्तकोष, परामर्शदाता, एल0टी0व एल0ए0 उपस्थित पाये गये।<br><br>• रक्तकोष मे साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।<br>• रक्तकोष मे 02 एस0एल0टी0, 03 एल0टी0,01एल0ए0 व 01 सफाई कर्मी नियमित कार्यरत है।<br>• एन0एच0एम0 के अन्तर्गत 03 एल0टी0,01 स्टाफ नर्स,01 एल0ए0 व 01 परामर्शदाता संविदा पर कार्यरत है। | | |

Scanned with CamScanner

- रक्तकोष में एन0एच0एम0 के अन्तर्गत डेटा इन्ट्री आपरेटर का पद रिक्त है।

मुख्य चिकित्साधिकारी स्तर से आउटसोर्स से डेटा इन्ट्री आपरेटर के पद पर चयन हेतु अवगत कराया गया।

CMO/DPM

- माह फरवरी 2021 में 03 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 34 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया है।

क्षेत्रीय स्तर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को बढाने का सुझाव दिया गया।

BB Incharge/ Counselor BB

- रक्तकोष कम्पोनेन्ट यूनिट के रूप में अभी कार्य नही कर रहा है।
- रक्तकोष प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि बल्ड बैक एवं रैपिड टेस्ट किट यूपी सैक द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। आवश्यकतानुसार एलाइजा किट लोकल परचेज की जाती है।
- एन0एच0एम0 के अन्तर्गत राज्य स्तर से रक्तकोष को विभिन्न मदों में उपलब्ध कराई गई धनराशि का व्यय नहीं किया जा रहा है।

| FMR Head | Intervention/Activity | Approved In FY 20-21 | Exp. Up to Feb 2021 |
|---|---|---|---|
| 5.3.3 | Blood Bank Recurring | 350000 | 0 |
| 11.10.1 | Budget for VBD Camp | 45000 | 0 |
| 11.10.1 | Budget for Donor Refreshment @25/ donor | 30625 | 0 |
| 11.10.1 | Budget for Travel & Communication for PRO & Counselor for Rs.1500/month fix for couns. & Rs 1000/month fix for PRO | 18000 | 0 |
| 1.1.7.7 | Free Blood Compensation for Inhouse Patients | 487200 | 0 |
| 12.8.1 | IEC Promotion @ 25000/ BB | 25000 | 0 |
| 17.4 | E- Rakt Kosh Internet Connectivity | 12,000 | 0 |

मदवार आवंटित धनराशि को कार्यक्रम हित में मानकारूप व्यय कराते हुए जनपद स्तर पर जिला लेखा प्रबन्धक एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ समन्वय स्थापित कर रक्तकोष स्तर पर व्यय धनराशि को सम्बन्धित मद में बुक कराने का सुझाव दिया गया।

CMS/CMO /BB Incharge & DPM/DAM

- रक्तकोष परामर्शदाता द्वारा अवगत कराया गया कि उसको माह अप्रैल 2020 से अभी तक माह फरवरी 2021 तक क्षेत्रीय भ्रमण एवं संचार हेतु राज्य स्तर से निर्धारित धनराशि रू0 1500/ परामर्शदाता/ प्रतिमाह का भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।

रक्तकोष परामर्शदाता को अवगत कराया गया कि माह अप्रैल 2020 से अभी तक माह फरवरी 2021 तक कृत क्षेत्रीय भ्रमण की कार्ययोजना एवं कार्य डायरी प्रभारी अधिकारी से सत्यापित कराते हुए पुनः सम्बन्धित/मुख्य चिकित्साधिकारी को भुगतान हेतु अनुरोध पत्र प्रेषित कर अनुरोध किया जाय तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को उक्त पर सीघ्र कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया।

Counselor BB/ Incharge BB & DPM

- ब्लड बैंक में सूचना पटल पर ब्लड की उपलब्धता हेतु देय दर के सम्बन्ध में सूचना अंकित की गई है।

## उपकेन्द्र महोलिया हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर

- भ्रमण दल अपराहन 2.00 बजे जब हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर महोलिया पहुँचा उस समय केन्द्र पर सी0एच0ओ0 रोमा, ए0एन0एम0 लक्ष्मी एवं आंगनवाडी कार्यकत्री संतोष कुमारी इकाई पर उपस्थित थी।
- हेल्थ एवं वेलनेस केन्द्र स्वयं के नवनिर्मित भवन में संचालित है, किन्तु भवन में भ्रमण दिनांक तक विधुत कनेक्सन ,पानी का कनेक्सन आदि नहीं हुआ है।


नवनिर्मित भवन में सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर प्राथमिकता पर विधुत एवं पानी क कनेक्सन कराने हेतु अवगत कराया गया ।

CMO/ CHC Suptt. & Team

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| • कक्ष में बने Washroom व Washbasin में पानी का संचालन नही है और washbasin में Water drain Pipe भी नहीं लगी है।<br><br>• केन्द्र पर कार्यरत कर्मचारियों को एन0सी0डी0के अन्तर्गत स्क्रीनिग का प्रशिक्षण प्राप्त है और सी0एच0ओ0 द्वारा टेबलेट पर आनलाइन सूचनाओं का अंकन किया जा रहा है। | सम्बन्धित ठेकेदार से वार्ता कर Washbasin में Water Drain Pipe लगवाने का सुझाव दिया गया । | CMO/ CHC Suptt. & Team |
| • सी0एच0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया केन्द्र पर जाँच हेतु ग्लूकोमीटर, मलेरिया जाँच किट,टी0वी0 जाँच हेतु स्पूटम सकत्रित करने हेतु जार ( Container) डेंगू जाँर किट आदि उपलब्ध न होने के कारण उक्त सुविधाए प्रदान नहीं की जा रही है।<br>• केन्द्र पर प्रतिदिन 18 से 20 लाभार्थी स्वास्थ्य सेवायें प्राप्त करने आते है।<br> | हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर पर आवश्यकतानुसार आवश्यक लॉजिस्टिक की उपलब्धता कराने हेतु ब्लाक एवं जनपद की टीम को अवगत कराया गया। | CMO/ CHC Suptt. & Team |
| • सी0एच0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि स्क्रीनिग से सम्बन्धित समस्त सूचनायें आनलाइन सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड करने के उपरान्त भी On line Display नही हो रहा है । 20 लाभार्थी को उपचारित किया गया है जबकि Portal पर Treated Beneficiary में जीरों लाभार्थी की सूचना प्रदर्शित हो रही है। जो भी गांव portal पर Map किये गये है उक्त का भी प्रदर्शन नहीं हो रहा है।<br> | सी0एच0ओ0 द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं के निराकरण हेतु ब्लाक एवं जनपद स्तर के अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा आवश्यकतानुरूप राज्य स्तर पर सम्बन्धित सेल/अनुभाग में वार्ता कर अविलम्ब कार्यवाही का सुझाव दिया गया। | CMO/ CHC Suptt. & Team |
| • सी0एच0ओ0 द्वारा सह भी अवगत कराया गया कि एन0सी0डी0 प्रशिक्षण उपरान्त ए0एन0एम0 को जो टेबलेट प्रदान किया गया था वो कियाशील नहीं था, रियेयर होने को गया है जो कि अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है इस कारण से ए0एन0एच0 द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की सूचना portal पर Upload नहीं किया जा रहा है। | सम्बन्धित फर्म से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही ए0एन0एम0 के टेबलेट को सही कराकर उपलब्ध कराने हेतु अवगत कराया गया जिससे क्षेत्र में कार्य प्रभावित न हों। | CMO/ CHC Suptt. & DPM |

Scanned with CamScanner

| उपकेन्द्र टिकरिया हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर | | |
|---|---|---|
| • भ्रमण दल अपराहन 3.30 पर जब उपकेन्द्र टिकरिया के हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर पहुँचा उस समय केन्द्र पर सी0एच0ओ0 संगीता नेगी, ए0एन0एम0 ऊषा एवं हेमा सिंह तथा क्षेत्रीय आशायें केन्द्र पर उपस्थित थी। | | |
| • हेल्थ एवं वेलनेस केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है एवं वर्तमान में उपकेन्द्र के भवन में हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर संचालित है।  • उपकेन्द्र में 4 कक्ष है जिसमें से 01 कक्ष में रिलायंस का वाटर प्लान्ट लगा है ,01 कक्ष में हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर संचालित है एवं अन्य 02 कक्ष में ए0एन0एम0 द्वारा टीकाकरण से सम्बन्धित कार्य आदि किया जाता है। | हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर का निर्माण निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर विभाग को हस्तान्तरित करने हेतु सम्बन्धित ठेकेदार से कराने हेतु ब्लाक एवं जनपद की टीम को अवगत कराया गया । | CMO/ CHC Suptt. & Team |
| • सी0एच0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि अभी उसके द्वारा टेबलेट पर कार्य नही किया जा रहा है तथा जनपद स्तर से अभी तक आवश्यक औषधि एवं उपकरण भी प्राप्त न होने के कारण पूर्णतया कार्य का सम्पादन नहीं किया जा रहा है। | हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर पर आवश्यकतानुसार आवश्यक लॉजिस्टिक की उपलब्धता कराने हेतु ब्लाक एवं जनपद की टीम को अवगत कराया गया। | CMO/ CHC Suptt. & Team |

**अभियुक्ति–**

- मुख्य चिकित्सा अधिकारी,अपर मु0चि0अधि0 एन0एच0एम0, एवं डी0पी0एम0यू0 के अधिकारी/कर्मचारी , के साथ भ्रमण किये गये केन्द्रों तथा कार्यक्रमों से सम्बन्धित गतिविधिवार सुधारात्मक बिन्दुओं पर लिये गये निर्णय को इकाई स्तर पर कृयान्वित कराना।
- प्रसव कक्ष में समय समय पर भ्रमण कर लेबर टेबल,मेडिसिन ट्रे आदि का रख–रखाव सुव्यवस्थित कराया जाय।
- एच0आर0पी0 केस का फॉलोअप तथा नियमित जाँच रिकार्ड का रख–रखाव सुनिश्चित कराया जाय।
- कम वजन के बच्चों का क्षेत्रवार विवरण तैयार कर आशा व ए0एन0एम0 की मासिक समीक्षा बैठक में चर्चा की जाय तथा SAM बच्चों को क्षेत्र से एन0आर0सी0 पर रेफर किया जाय।।
- टीकाकरण सत्र पर दिशा–निर्देशानुसार आवश्यक उपकरण व लॉजिस्टिक की व्यवस्था हो।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन तथा भोजन की गुणवत्ता की नियमित जाँच की जाय तथा सुनिश्चित किया जाय कि वार्ड में एडमिट लाभार्थी को मानकानुरूप भोजन व नाश्ता मिलें।
- प्रसव कक्ष व पी0एन0सी0 वार्ड में चिकित्सा अधीक्षक व महिला चिकित्सा द्वारा नियमित भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं तथा साफ–सफाई की व्यवस्था की जाँच की जाय ।

Scanned with CamScanner

- नियमित समयान्तराल पर 102 व 108 एम्बुलेन्स के क्रियाशीलता की जाँच जनपद स्तर से कराया जाय।
- रक्तकोष के सुदृणीकरण हेतु एन0एच0एम0 से प्रदत्त वित्तीय सहायता तथा रक्तकोष द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं आदि की मासिक समीक्षा की जाय तथा जिला स्वास्य समिति के एजेण्डा में भी उक्त को सम्मिलित किया जाय जिससे कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा सके।
- जनपद के अन्तर्गत संचालित हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर पर कार्यरत सी0एच0ओ0 के कार्य की नियमित समीक्षा करते हुए समस्त केन्द्रो पर आवश्यकतानुसार औषधि एवं उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय जिससे क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जा सके।

Divya Singh
19/3/2021

( दिव्या सिंह)
कार्यक्रम समन्वयक

19/03/21

( नीलिमा पाठक )
सलाहकार,ब्लड सेल

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Scanned with CamScanner